तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 धरती आबा अभियान : कोरवाय में जनजागरूकता रैली निकाली



12 ट्रैफिक पार्क नजर आएगा नए लुक में बच्चों को ...



## पद्मश्री कवि डॉ. सुरेन्द्र दुबे का निधन, छत्तीसगढ़ के हास्य साहित्य का सूरज अस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हिंदी हास्य कविता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले पद्मश्री सम्मानित डॉ. सुरेन्द्र दुबे का बुधवार को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनके निधन से न सिर्फ छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे हिंदी साहित्य जगत में शोक की लहर है। अपने चुटीले व्यंग्य और गूढ़ सामाजिक संदेशों से उन्होंने देश-विदेश के मंचों पर बेमेतरा की माटी की खुशबू बिखेरी।

**बेमेतरा की धरती से उठी ठहाकों की गूंज:** डॉ. सुरेन्द्र दुबे का जन्म बेमेतरा में हुआ था। पेशे से होम्योपैथिक चिकित्सक होने के बावजूद उन्होंने साहित्य को ही जीवन बना लिया। मंचीय कवि सम्मेलनों में उनकी मौजूदगी आयोजन की सफलता की गारंटी मानी जाती थी। उनकी रचनाओं में व्यंग्य, हास्य और सामाजिक यथार्थ का ऐसा संगम होता था कि श्रोता ठहाके लगाते हुए सोचने पर मजबूर हो जाते।

### स्मृति में हर वर्ष शरद पूर्णिमा को होगा विशेष आयोजन



### राजनीतिक, सामाजिक व साहित्यिक जगत में शोक की लहर

जिले के अनेक जनप्रतिनिधियों, नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डॉ. दुबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि डॉ. दुबे छत्तीसगढ़ की रचनात्मक चेतना थे। वे ठहाकों में सच्चाई और व्यवस्था में व्यंग्य के संतुलनकर्ता थे। राज्य सरकार उनके सम्मान में स्मृति आयोजन पर विचार करेगी। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू बोले कि बेमेतरा ने एक गौरवशाली व्यक्तित्व खो दिया है। उनकी कविताएं आज भी चौपालों और मंचों पर जीवित हैं। साहू ने कहा कि डॉ. दुबे जनकवि थे। उन्होंने मंचीय कविता को सशक्त माध्यम बनाया। उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश में हास्य साहित्य को नई पहचान दी।

### पद्मश्री से किया गया था सम्मानित

वर्ष 2010 में भारत सरकार ने डॉ. दुबे को हिंदी हास्य साहित्य में विशिष्ट योगदान के लिए देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया था। उनके चर्चित काव्य संग्रहों में हंसी के रंग, व्यंग्य वाण, और ठहाकों की राजनीति शामिल हैं। वे दूरदर्शन और आकाशवाणी के माध्यम से भी जनसंपर्क में सक्रिय रहे। ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा आज निकाली जाएगी

**थान खम्हरिया।** नगर के स्थानीय जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा आज 27 जून को बड़े ही धार्मिक, उत्साह, धूम धाम, भक्ति भाव के साथ निकाली जावेगी। सनातन धर्म की महान परंपरा और श्रद्धा का प्रतीक है। यह यात्रा महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर से पूजा अर्चना के पश्चात प्रारंभ होकर नगर के सभी प्रमुख मार्ग होते हुए भ्रमण करेगी। रथ यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ जी व अपने बड़े भाई बलभद्र जी और बहन सुभद्रा जी के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। जिससे श्रद्धालु साक्षात दर्शन कर सके। यह पर्व केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक, समरसता, समाजिक, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। पं. ओमप्रकाश ने बताया मान्यता है, कि जो भी भक्त इस रथ यात्रा में भाग लेता है। उसे 100 यज्ञों के बराबर पूर्ण फल की प्राप्ति होती है। यह पर्व ईश्वर और भक्त के बीच की दूरी को मिटाता है। और सेवा समर्पण व लोक एकता का संदेश देता है।

### सेवा सहकारी समितियां के सामने कांग्रेस का धरना प्रदर्शन 30 को



**बेमेतरा।** प्रदेश कांग्रेस के निर्णय अनुसार किसानों की समस्याओं व दिक्कतों पर कांग्रेस के कार्यकर्ता जिले के सभी सहकारी समितियां के समक्ष संगठन के माध्यम से धरना प्रदर्शन एवं घेराव कर किसानों की मांगों को रखेगी ।जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने जारी बयान में बताया कि प्रदेश कांग्रेस के लिए गए निर्णय लिया के परिपेक्ष में जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव भवन में बैठक ली गई जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे के सानिध्य में निर्णय लिया गया है बेमेतरा जिले में भी संगठन के माध्यम से सेवा सहकारी समितियां में रासायनिक खाद एवं बीज की कमी को लेकर धरना प्रदर्शन एवं घेराव किया जाए ।जिस पर से बेमेतरा जिले के ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि 30 जून को बेमेतरा जिले में हो रहे रासायनिक खाद एवं डीएपी तथा धान की बीज की समस्या को लेकर सभी जिले भर के सहकारी समितियों के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### शिविर : कलेक्टर ने दी मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की जानकारी

# ग्राम सहसपुर में मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति पर समाधान हुआ शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ सरकार गरीबों और किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही : विधायक ईश्वर साहू

जिले के विकासखंड साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत सहसपुर में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बीते 6 मई को किए गए औचक निरीक्षण और घोषणाओं की प्रगति से ग्रामवासियों को अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की मांग पर सहसपुर हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए नए भवन, फणी नागवंशी राजाओं द्वारा निर्मित ऐतिहासिक शिव मंदिर व हनुमान मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण तथा 33 केव्ही विद्युत सब स्टेशन की स्थापना की घोषणाएं की थीं। *शिविर में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हायर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन हेतु 7 मई को 1.21 करोड़ की स्वीकृति दी गई है और इसकी निविदा प्रक्रिया लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि 33 केव्ही सब स्टेशन की स्थापना की प्रक्रिया प्रगतिरत है और आगामी ढाई माह में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। वहीं, शिव व हनुमान मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा प्रक्रियाधीन है। शिविर के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू और विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ तेलधानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू रहे। विधायक श्री साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया ।



विधायक साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वयं सहसपुर आकर ग्रामीणों से संवाद किया था और उन्हीं की मांगों पर यह घोषणाएं की गई थीं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के डेढ़ साल के भीतर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की कई गारंटी योजनाओं को पूरा किया है। इनमें पहला कैबिनेट निर्णय में एक लाख आवास की स्वीकृति, किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस, 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी और महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1000 मासिक भुगतान शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रमाण पत्र, मोची पेटी आदि का वितरण किया ।

श्री साहू ने कहा कि सरकार गरीबों और किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी उन्होंने अवलोकन किया।

शिविर में जनप्रतिनिधि गोविंद पटेल, बलराम पटेल सरपंच चेतराम डोगरे, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह सहसपुर में तीसरा समाधान शिविर था, जबकि क्लस्टर की अन्य ग्राम पंचायतों में एक-एक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

## मंच से उतर कर सीएम ने निर्वाण का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आपातकाल की 50 वी वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता मीसा बंदी राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ के तृतीय वर्ष शिक्षित हृदय नारायण निर्वाणी को स्वय मंच से उतर कर उनके स्थान पहुँच स्मृतिचिह्न देकर सम्मान किया, प्रदेश भर के मीसा बंदियों के मुख्यमंत्री निवास में सम्मान किया गया बेमेतरा से लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष हृदयनारायण निर्वाणी को मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार आमंत्रित किया गया था गरिमामय सम्मान समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंग,प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने , मंत्री लखन लाल देवांगन,क्रेडा के चेयरमैन भूपेंद्र सवन्नी,के अलावा भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और मंत्रिमंडल से जुड़े मंत्रीगनो के उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ सम्मान समारोह के उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोकतंत्र सेनानियों के परिवार के साथ भोजन कर सबका कुशल क्षेम जाना।

## कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

**किसान-जवान-संविधान जनसभा को सफल बनाने कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने बुधवार को बेमेतरा पहुंचकर राजीव भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, सेवादल अध्यक्ष दिनेश पटेल सहित जिले के प्रमुख कांग्रेस नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान जांगिड़ ने सभी कार्यकर्ताओं से 7 जुलाई को रायपुर में आयोजित होने वाली किसान-जवान-संविधान जनसभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह जनसभा जनता के अधिकारों की रक्षा और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का सशक्त मंच होगी। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को जनसभा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। यह जनसभा रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित की जाएगी, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू, नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, पार्षद रीता पांडे, रश्मि मिश्रा, जनपद सदस्य सनत धर दीवान, रूबी सलूजा, योगिता साहू, सुनील नामदेव, सीताराम यदु, बलवंत साहू, अनिल दुबे, किशुन वर्मा, सिद्धांत दीवान, संस्कार शर्मा और घनश्याम देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम पंचायत सहसपुर समाधान शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई । प्रदर्शनी में मुख्य रूप से राज्य शासन के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों को उजागर किया गया। इस छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार द्वारा पिछले डेढ़ साल में जनकल्याण के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और योजनाओं का विस्तार से प्रदर्शन किया गया।*

इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा "यह छायाचित्र प्रदर्शनी शासन की प्रतिबद्धता और पारदर्शिता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री जी द्वारा किए गए निरीक्षण के पश्चात जो घोषणाएं की गईं, उनकी त्वरित क्रियान्वयन की जानकारी ग्रामवासियों तक पहुंचाना शासन की जवाबदेही को सिद्ध करता है। यह प्रदर्शनी आमजन को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही सरकार के डेढ़ वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनी है।"प्रदर्शनी में महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नत योजना, पीएम आवास योजना आदि के सकारात्मक प्रभाव को छायाचित्रों और जानकारी के माध्यम से दर्शाया गया। नागरिकों को सरकार की नीतियों और उनके फायदों से अवगत कराने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी विशेष रूप से आकर्षक और सूचनाप्रद रही, जिससे लोगों को शासन की उपलब्धियों का सीधा अनुभव मिला । प्रदर्शनी की ग्रामीणों ने सराहना की शिविर में छत्तीसगढ़ की मासिक पत्रिका जनमन, और ब्रोसर का वितरण भी किया गया।

### सैनिक कल्याण बोर्ड की सदस्य बनीं प्रेरणा शौर्य



**साजा।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य जीत सिंह को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया उनकी नियुक्ति पर नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षद मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू जन भागीदारी अध्यक्ष लुकुराम अध्यक्ष सहकारी समिति कमल राठी राकेश भुवाल विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू रोहित ठाकुर धर्मचंद जैन सहित कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी अपनी नियुक्ति पर श्रीमती प्रेरणा सिंह कहां की अपने जिम्मेदारियां का लग्न ईमानदारी से निर्वहन करेगी ।

### क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी का बेमेतरा में भव्य स्वागत

## सोलर एनर्जी को वैकल्पिक ऊर्जा बनाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल : भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम और कोर ग्रुप बैठक में हुए शामिल

छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी का बेमेतरा प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। प्रताप चौक में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, विधायक दीपेश साहू एवं विधायक ईश्वर साहू का भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि सोलर एनर्जी को वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में सरकार प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि अक्षय ऊर्जा के माध्यम से देश और राज्य ऊर्जा आत्मनिर्भर बने। क्रेडा के माध्यम से प्रदेश में सोलर पंप, सोलर स्ट्रीट लाइट जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और आम नागरिकों को मिल रहा है।, भूपेन्द्र सवन्नी आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम एवं भाजपा जिला कोर ग्रुप की बैठक में भाग लेने बेमेतरा पहुंचे थे। अध्यक्ष सवन्नी के स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, रजक बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, नथमल कोठारी, प्रदीप तिवारी, अनिल माहेश्वरी, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष गुरुदयाल चावला, बलराम पटेल, अंजू बघेल, राहुल टिकहरिया, टारजन साहू, निखिल साहू, ललिता साहू, आदर्श जोशी, गोपी देवांगन, मुनेश पटेल, विकास तंबोली, महेश साहू, नारद साहू, श्यामलाल साहू, ओमेश्वर बंजारे, परमेश्वर गायकवाड, लाला साहू, रामवतार साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## आशा यूनिट की बैठक में बाल विवाह पर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में मानक संचालन प्रक्रिया पर गठित आशा यूनिट के सदस्यों की प्राधिकरण अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने बैठक ली गई। उक्त बैठक में परिवार न्यायालय न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव निधि शर्मा एवं अनिल बाजपेयी अपर कलेक्टर की मौजूदगी में प्रधान जिला न्यायाधीश ने बताया कि बाल विवाह अपराध को समाप्त करने के उद्देश्य से आशा यूनिट का गठन किया गया है, जिसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बाल विवाह रोकने हेतु आशा यूनिट द्वारा विधिक जागरूक्ता शिविर का आयोजन करके आमजनों तक जागरूक्ता फैलाने की आवश्यकता है। प्रशासनिक इकाई के द्वारा तहसील स्तर एवं थाना क्षेत्रों में ग्राम कोटवार का बैठक आयोजित कर गांवों में होने वाले बाल विवाह की सूचना, ग्राम कोटवारों के माध्यम से सरपंच, पंच व ग्रामीणों से पता कर बाल विवाह पर प्रतिबंध किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। स्कूल, कॉलेजों व अन्य शिक्षा संस्थानों में छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निवारण के संबंध में जानकारी बता करके, अपने आस-पास होने वाले बाल विवाह रोकने में आशा यूनिट से सहायता प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर , दिनेश तिवारी चीफ एलएडीसी, पैनल अधिवक्ता, समस्त अधिकार मित्र व अन्य आशा यूनिट के सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी के अग्निशमन विभाग में 6 नए फोम टेंडर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग में 6 नवीन फोम टेंडर औपचारिक रूप से सम्मिलित किए गए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने पूजा कर इन अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों को अग्निशमन विभाग को समर्पित किया। सीजीएम विजय कुमार बेहरा, तुषार कांत, देबदत्त सतपथी सहित विभागीय लोग उपस्थित थे। संयंत्र के पुराने 6 अग्निशमन वाहनों को सर्वे ऑफ कर हटाया गया है तथा उनके स्थान पर इन नवीन फोम टेंडर्स को सम्मिलित किया गया है । सभी 6 फोम टेंडर आधुनिक अग्निशमन व बचाव उपकरणों से लैस हैं तथा विभिन्न आपात स्थितियों में तेज़ी से कार्यवाही करने में सक्षम हैं। इन वाहनों के संचालन से संयंत्र की आंतरिक सुरक्षा प्रणाली में सुदृढ़ता आएगी और अग्नि आपदाओं से निपटने की तैयारियों को बल मिलेगा।

### सांई रथयात्रा का दुर्ग में स्वागत, शरबत बांटा



**दुर्ग।** श्री सत्य साई बाबा के 100 वें जन्म वर्ष पर श्री सत्य साई प्रेम वाहिनी, श्री सत्य साई रथ संपूर्ण भारत में दिव्य यात्रा पर है। बाबा की प्रशांति निलियम आंध्र प्रदेश से निकलकर छग भ्रमण पर है। इसी कड़ी में इस रथ का 23 जून को पटेल चौक में आगमन आगमन हुआ। जहां सत्य साईं सेवा समिति के सदस्य बाजे गाजे के साथ स्वागत किए। शिव मंदिर में आरती कर लोगों को शरबत वितरण किया गया। तत्पश्चात साई रथ सिविल लाइन गोंडवाना भवन से होते हुए कसारीडीह स्थित प्रशांति मंदिर पहुंचा। साईं रथ यात्रा में समिति द्वारा संचालित बाल विकास की बच्चियों द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। इस अवसर पर दुर्ग-भिलाई समिति के सदस्यों की भागीदारी रही। छग राज्य साईं रथ प्रभारी एवं दुर्ग जिला संयोजक संदीप नायडू, टी अंजना राव, अंजली पिल्लै, शालिनी महेश, महिला यूथ प्रभारी कांत नायडू, दुर्गेश, नंदिनी, मंजू तिवारी, गायत्री ठाकुर, हरिश्चन्द्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### आरटीआई को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

**भिलाई।** कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में सूचना अधिकार अधिनियम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक राकेश जोशी ने सूचना अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर जानकारी दी। पूछे गए प्रश्नों पर उदाहरण सहित जवाब देकर सभी प्रश्नों पर जवाब दिया। अधिनियम की जानकारी के साथ तकनीकी पहलुओं और सामने आने वाली व्यवहारिक दिक्कतों की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में पुलिस अधिकारी सुखनंदन राठौर, पद्मश्री तंवर, चिराग जैन, सत्यप्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल सहित अन्य मौजूद थे।

### बच्चों को व्यायाम की सीख

**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में पतंजलि योग समिति दुर्ग भिलाई के तत्वावधान में डॉ तृप्ति खनंग के द्वारा पंचशील एकेडमी आदर्श नगर, द रॉयल किड्स बोरसी में योग कराया गया।



समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, योगीक जॉगिंग,सू र्य नमस्कार किया। साथ ही नियमित योग करने , जंक फूड, प्रोसेस फूड ना खाने का भी संकल्प लिया। जिससे मोटापा पर कंट्रोल किया जा सके। इस कार्यक्रम में द रॉयल किड्स की प्राचार्य शांति सरकार , पंचशील एकेडमी की प्राचार्य रूपा बोधमांगे, वैधेही खनंग, उत्कर्षा खनंग सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# सामुदायिक भवन को लेकर पार्षदों में बखेड़ा, एक ने ताला तोड़ा, दूसरे ने लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के वार्ड पांच में स्थित अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन को लेकर भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों में दो फाड की स्थिति निर्मित हो गई है। कांग्रेस पार्षद ने भाजपा पार्षद पर अवैध तरीके से भवन तोडने का आरोप लगाया है, वही भाजपा पार्षद का कहना है कि, उन्हें खाद्य विभाग द्वारा आबंटन का लेटर जारी किया गया हैं।

दरअसल वार्ड पांच में अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन स्थित है। इस भवन को लेकर वार्ड चार के पार्षद लीना दिनेश देवांगन ने राशन दुकान संचालको को दुकान आबंटन करने की पैरवी कर दी है, वहीं वार्ड पांच के पार्षद विजेन्द्र पटेल का कहना है कि, इस भवन पर गलत तरीके से कब्जा किया जा रहा है। उनका कहना है कि, यह भवन सूडा की है। जबकि दुकान संचालक के पास सूडा की कोई अनुमति भी नही है। खबर है कि, दोनो पक्षों में विवाद के चलते वार्ड चार और पांच के सैकडों राशन कार्डधारियों को राशन नही मिल पा रहा हैं।

### भवन में दो पक्षों ने जड़ दिया ताला

मंगलवार को दोनो पार्षदों के बीच जमकर विवाद हो गया। ऐसे में राशन दुकान चलाने वाले संचालक और कांग्रेस पार्षद विजेन्द्र पटेल दोनो ने भवन में ताला जड दिया है। इस मामले में भाजपा पार्षद लीना दिनेश देवांगन का कहना है कि, अगर उन्हें आपत्ति है तो सुडा या प्रशासन के समक्ष आवेदन करें। दो पक्षों में विवाद के चलते सैकडों उपभोक्ताओं को राशन का वितरण नही हो पा रहा है।

### दो वार्ड में अटका राशन का वितरण, वार्ड पांच में चल रहा किराए के भवन में




#### समस्या हो रही थी

वार्ड में स्थित राशन दुकान जर्जर हो चुका था। जिसके कारण वार्डवासियों की समस्या को दूर करने अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन देने की मांग की थी। हमने ताला नही तोडा, बल्कि मितानिन के जरिए ताला खुलाया था।
**-लीना दिनेश देवांगन,** पार्षद वार्ड चार

#### प्रशिक्षण के लिए आरक्षित

वार्ड पांच में स्थित ये भवन सूडा को प्रशिक्षण संस्थान के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड का राशन दुकान किराए के भवन में चल रहा है। इसके बाद भी गलत तरीके से कब्जा करने प्रयास किया जा रहा है।
**-विजेन्द्र पटेल,** पार्षद वार्ड पांच

#### खाद्य विभाग ने भी कर डाली अनुशंसा

वार्ड पांच में स्थित अन्नपूर्णा भवन को लेकर राशन दुकान संचालको ने दूसरी जगह यानि अन्नपूर्णा भवन में आबंटित किए जाने की मांग की थी। उन्होने कहा कि वर्तमान में स्थित भवन जर्जर है। इधर खाद्य नियंत्रक टीएस अतरी ने बताया कि, विभाग भवन आबंटन नही करती है। बल्कि राशन दुकान संचालकों को कार्य आबंटित करती है।

## रिनोवेशन : इंदिरा प्लेस के नाम से पहचाने जाने वाला पार्क का होगा सौंदर्यीकरण

# ट्रैफिक पार्क नजर आएगा नए लुक में बच्चों को ट्रैफिक सेंस का भी देगा सबक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धीरे धीरे महानगर में तब्दील हो रहे भिलाई में ट्रैफिक की समस्या विकट होती जा रही है। पटरी पार क्षेत्र की तरह कुछ साल पूर्व तक खुले स्पेस और नीट एंड क्लीन के रुप में जाने जाने वाली बीएसपी टाउनशिप में भी अब दुर्घटनाजन्य गहमागहमी लोगों की परेशानी को बढ़ा रही है। पिछले साठ साल के दौरान कई बार अपना स्वरुप बदल चुका यह उपेक्षित ट्रैफिक पार्क एक बार फिर इस दिशा में लोगों के लिए पथ प्रदर्शक बनने जा रहा है। इस्पात नगरी के हृदय स्थल सिविक सेंटर में नगर निगम भिलाई द्वारा निर्माणाधीन यह आकर्षक उद्यान जल्द ही शहर के लोगों खासकर बच्चों को नए सिरे से ट्रैफिक सेंस के प्रति जागरुक करेगा। डेढ़ करोड़ की लागत से बनाया जा रहा यह पार्क अपनी प्रेरक थीम को लेकर न सिर्फ सुगम आवागमन के लिए प्रेरित करेगा वरन नए लुक में दिखाई देगा। इसका निर्माण अंतिम चरण में है।

पिछले पांच साल से उपेक्षित पड़े ट्रैफिक पार्क का नगर निगम द्वारा कायाकल्प किया जा रहा है। ट्रैफिक सेंस अवेयर की थीम पर आधारित इस पार्क को आकर्षक रुप से पुनर्विकसित किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के मुताबिक ट्रैफिक जागरुकता को लेकर निर्मित किए जा रहे इस उद्यान के जल्द ही पूर्ण हो जाने से शहर की दुर्घटनाओं में कमी आने के आसार हैं। पार्क का 80 प्रतिशत निर्माण पूर्ण हो चुका है। उल्लेखनीय है कि पिछले पचास साल के दौरान सिविक सेंटर स्थित बीएसपी के इस ऐतिहासिक पार्क की कई बार तस्वीर बदल चुकी है। पहले यहां खाली मैदान था, जहां फुटपाथ मार्केट लगा करता था। फिर 70 के दशक में बीएसपी द्वारा गैलरी व पार्क बनाया गया। सिविक सेंटर के व्यवसायियों के मुताबिक पार्क व आसपास के स्थल का नाम इंदिरा प्लेस रखा गया,जिसकी नाम पट्टिका आज भी लगी है। पार्क के सामने कभी बच्चों की ट्राय ट्रेन दौड़ा करती थी। फिर 2001 में इस पार्क को पुलिस विभाग के सौजन्य से ट्रैफिक पार्क विकसित किया गया। लेकिन उचित रखरखाव के अभाव में वर्षों तक उजाड़ व उपेक्षित रहने के बाद अब भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की की पहल से नगर निगम द्वारा अधोसंरचना मद से इसे फिर आकर्षक व संदेशपरक ट्रैफिक पार्क के रुप में पुनर्विकसित किया जा रहा है।

### बच्चों को विजिट करवाकर जू एजुकेशन की तरह दी जाएगी जानकारी



#### बच्चों को करेंगे अवेयर

आम लोगों के साथ विशेष रुप से बच्चों को ट्रैफिक की समस्या को लेकर जागरुक करने के लिए नगर निगम द्वारा सिविकसेंटर में ट्रैफिक पार्क का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य पूर्णता पर है। ट्रैफिक अवेयर थीम पर केंद्रित इस पार्क के बन जाने से शहर की आवागमन की समस्या सुगम होने से लोगों को सुविधा होगी। इससे ट्रैफिक पुलिस को बड़ी मदद मिलेगी। **केके गुप्ता,** जोन कमिश्नर भिलाई

#### पाठशाला की तरह

सिविक सेंटर के अनुपयोगी होते जा रहे पुराने ट्रैफिक पार्क का पुनर्विकास होने से यह बच्चों के लिए ट्रैफिक की पाठशाला की तरह होगी। भिलाई निगम द्वारा लोगों को ट्रैफिक के प्रति जागरुक करने के लिए इस ट्रैफिक पार्क का पुनर्विकास किया जा रहा है। पार्क का निरीक्षण कर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।
**-देवेंद्र यादव,** महापौर

#### बच्चों को जू एजूकेशन की तरह देगा ट्रैफिक अवेयरनेस

ट्रैफिक पार्क आम लोगों के साथ बच्चों के लिए खास होगा। स्कूली बच्चों को विजिट करवाकर जू एजुकेशन की तरह उन्हें ट्रैफिक सेंस को लेकर जागरुक किया जाएगा। इसके लिए पार्क को आकर्षक लुक देने के साथ यहां ट्रैफिक इक्यूपमेंट, मार्ग संकेतक व दिशा निर्देशक साइन बोर्ड,कलाकृतियों के साथ सुंदर चित्र लगाए जा रहे हैं। पार्क में टेस्टिंग पैलेस,छोटी छोटी रो मार्किंग व जेब्रा क्रासिंग सड़कें, लाल, हरी व पीली लाइट वाला ट्रैफिक सिग्नल,रोड मार्किंग, ब्रेकर, बस स्टांप,मिनी स्टेडियम, सीसी पाथवे, पेंटिंग व कलाकृतियां आदि ट्रैफिक जागरुकता के आर्टिक्लस बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही पार्क में खूबसूरत फूलों के पौधे, फाउंटेन,बेंचें व फुटओवरब्रिज, हाईमास्ड लाइटें और 30 स्ट्रीट लाइट भी लगाई जा चुकी हैं। बाउंड्रीवाल में चारों ओर ट्रैफिक अवेयरनेस के चित्र बनाए गए हैं।नगर निगम भिलाई के आधिकारियों के मुताबिक विधायक की पहलकदमी से नवविकसित ट्रैफिक पार्क टाउनशिप ही नहीं बल्कि पूरे भिलाई व आसपास के लोगों को आवागमन की समस्या को लेकर जागरुक करेगा, जिससे ट्रैफिक सुगम होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

## हिंदी में कामकाज हिंदी दिवस तक सीमित न रहे : निगम



**भिलाई।** बीएसपी के वित्त एवं लेखा विभाग में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार चोखानी थे। मुख्य अतिथि ने कहा हिंदी के प्रति प्रेम या हिंदी में कामकाज केवल हिंदी पखवाड़ा या हिंदी दिवस तक ही सीमित ना रहे, हमें हर दिन हिंदी का प्रयोग करना है। श्री चोखानी ने कहा हिंदी में कार्यालयीन कामकाज हमारे राष्ट्रप्रेम का सूचक है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक राजेश कुमार शर्मा, शललित खन्ना, एनवी सुब्बाराव, उप महाप्रबंधक अमृता गंगराडे, प्रबंधक नेहा रानी, उप प्रबंधकगण आयुषी पुरोहित आदि उपस्थित थे। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वित्तीय शब्दों का हिंदी भाषा में सही वर्तनी के साथ समानार्थी शब्द लिखने पर आधारित स्पर्धा का आयोजन किया गया। नेहा रानी प्रथम, सुनील शर्मा द्वितीय, प्रमोद चोखानी तृतीय पुरस्कार मिला।

■ वित्त एवं लेखा विभाग में राजभाषा कार्यशाला

## बड़ी संख्या में बीड़ी, सिगरेट जैसे प्रतिबंधित सामान जब्त



■ सात हजार का लगाया जुर्माना

**दुर्ग।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आज भी विभिन्न स्कूल, कालेजों के आसपास नगर निगम अधिकारियों की टीम ने पान ठेलों व दुकानों की जांच कर तंबाकू, बीड़ी सिगरेट इत्यादि बरामद कर दूकानदारों से 7 हज़ार से अधिक जुर्माना राशि वसूला गया। उल्लेखनीय है कि स्कूल कालेज व अन्य शिक्षण संस्थाओं के आसपास बीड़ी सिगरेट इत्यादि प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की बिक्री के विरूद्ध कार्रवाई के लिये नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम गठित की है। इसी कड़ी में अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर द्वारा बाजार विभाग के ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित टीम अमला के साथ शहर में घूम-घूमकर निगम द्वारा कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रहे हैं। कार्यवाही के दौरान बोरसी वार्ड 52 शासकीय स्कूल, विश्वदीप स्कूल के आसपास के अलावा अन्य जगहों पर मौके पर पहुंचकर दुकानों एवं ठेलों में जांच की कार्यवाही की गई।

## एसएसपी ने दिए लावारिस वाहनों, नशे के सामान को डिस्पोज करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-6 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पुलिस के अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्धारित 7 एजेंडों पर चर्चा की। बैठक में चौकी प्रभारी, मालखाना मोहर्रिर एवं रीडर भी शामिल हुए। एसएसपी ने लावारिस, लादावा, पशु क्रूरता, एनडीपीएस में जब्त वाहनों के निराकरण, एनडीपीएस एक्ट के जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण, एनडीपीएस के प्रकरणों में जब्त वाहन को राजसात किए जाने, एनडीपीएस के प्रकरणों में आरोपियों व्दारा अर्जित संपत्ति की जानकारी लेकर अटैच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप जल्द काम करने की बात कही। उन्होंने लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण, निगरानी-गुंडा बदमाशों पर नियंत्रण, बदमाशों के विरुद्ध बाउंड ओव्हर की कार्रवाई के भी निर्देश दिए। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, पद्मश्री तंवर, चिराग जैन, सत्यप्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल, एलेक्जेंडर कीरो सहित अन्य मौजूद थे।

## डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने लिया संकल्प



**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल द्वारा मंगलवार को वार्ड क्रमांक 8 स्थित सामुदायिक भवन में पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, योगेश साहू, पीएन दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, दीपक चतुर्वेदी, महिला मोर्चा नेत्री तृप्ति चंद्राकर, सुनीता कुर्रे, गीता निर्मलकर, जया राव, पिंकी शील, पीआईसी सदस्य उमाकांत साहू, डिकेश पटेल, नारायण सोनकर, फिंगेश्वर साहू, इमरान रिजवी, सुजीत यादव एवं स्वर्णलता साहू सहित बड़ी संख्या में कुम्हारी भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूल ही वह माध्यम जिससे विद्यार्थी अपना भविष्य गढ़ सकते हैं : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत



रुआबांधा स्थित शासकीय स्कूल में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। चंद्राकर ने कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। शाला गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। उन्हें शिक्षा के नव यात्रा पथ पर शुभकामनाएं दी। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांव का भविष्य स्कूल से ही बनता है। शिक्षा ही वह मार्ग है जिससे हम अपने बच्चों को उज्ज्वल कल दे सकते हैं। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही 16 जून से पूरे छत्तीसगढ में शासन द्वारा शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। बच्चों में शैक्षणिक प्रगति के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। मन में उत्साह, उमंग लिए घर से पहली बार स्कूल जा रहे बच्चे हो या गर्मी की छुट्टी बिता कर आगे की कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी आगे बढ़ने की उम्मीद के साथ अपने सपनों को साथ लिए मेहनत कर रहे है। कार्यक्रम में अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, दशरथ साहू, वेद प्रकाश सार्वा, राकेश त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद थे।

## खरीफ सीजन में अल्पकालीन ऋण की चल रही प्रक्रिया

# सिर्फ 11 फीसदी ही खाद का उठाव, नकद राशि 80% बंट गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खेती किसानी के शुरूआती दौर में खाद की जबरदस्त किल्लत के चलते किसान सोसायटी से कर्ज के तौर पर सिर्फ नगदी राशि ही ले रहे है, जबकि सामग्री वितरण की स्थिति बेहद चिंताजनक हैं । सोसायटी में डीएपी और अन्य खाद की समस्या के चलते किसान सामग्री का उठाव नही कर पा रहे है। किसानों का कहना है कि, सोसायटी में चालीस फीसदी सामग्री और साठ फीसदी नगदी कर्ज देने का निमय है, लेकिन इस बार किसानों को नगदी कर्ज ही दिया जा रहा है।

■ खाद लेने पहुंच रहे किसान लौट रहे मायूस

सोसायटियों में शुरू से ही खाद का स्टाक बेहद कम है। शुरूआत में किसानों को डीएपी खाद की जरूरत होती है। लेकिन वर्तमान में डीएपी किसी भी सोसायटी में नही है। ऐसे में किसान सोसायटी से नगदी राशि लेकर बाजार से महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हो रहे है। जानकारी अनुसार दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में 14 सौ करोड रूपए कर्ज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक किसानों को 755 करोड का कर्ज वितरित किया जा चुका है। जिसमें नगदी 80 फीसदी और सामग्री सिर्फ 11 फीसदी का वितरण किया गया है। अफसरों का भी कहना है कि, खाद की कमी के कारण किसान सोसायटी से नगदी राशि ही ले जा रहे है।

### नहीं बढ़ाया कर्ज का दायरा

दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले में पिछले साल चौदह सौ करोड रूपए कर्ज वितरण का टारगेट रखा गया था। इस बार भी उतनी ही राशि का टारगेट रखा गया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि, किसानों को कर्ज देने का दायरा यथावत रखा गया है। जानकारी अनुसार बालोद में 288 करोड नगदी और 192 करोड सामग्री वितरित किया जाएगा। इसी तरह बेमेतरा में तीन सौ करोड नगदी और दो सौ करोड सामग्री व दुर्ग में 252 करोड नगदी और 168 करोड सामग्री के तौर पर बांटा जाएगा। अब तक बालोद में 222 करोड नगदी और 268 करोड सामग्री बांटा गया है। वहीं बेमेतरा में 261 करोड नगदी और 372 करोड का सामग्री व दुर्ग में 190 करोड का नगदी ओर 171 करोड का सामग्री बांटा गया है।



### स्टॉक में सिर्फ 223 टन डीएपी

दुर्ग जिले में ही हर साल चौदह हजार टन डीएपी का टारगेट रहता था। लेकिन इस बार टारगेट पांच हजार टन रखा गया है। जिले के सोसायटियों में अब तक 4716 टन डीएपी का भंडारण हो चुका हैं, वहीं वितरण 4493 टन किया जा चुका है। शेष सिर्फ 223 टन ही स्टाक में है। वही बालोद में 249 टन और बेमेतरा में 346 टन ही डीएपी है। यही हाल यूरिया खाद की भी है। यही कारण है कि, किसान सामग्री सोसायटियों से नही ले पा रहे है।

### कर्ज व सामग्री वितरण की स्थिति

| जिला | नगदी | सामग्री | योग |
|---|---|---|---|
| बालोद | 77.32 | 14 फीसदी | 51.99% |
| बेमेतरा | 87.10 | 18.65 फीसदी | 59.72% |
| दुर्ग | 75.65 | 10.23 फीसदी | 49.48% |

#### वितरण चल रहा

किसानों को सितंबर माह तक कर्ज का वितरण किया जाएगा। खाद की समस्या दूर करने विकल्प वाले खाद का वितरण किया जा रहा है। नगदी 80 और सामग्री 11 फीसदी वितरित हो चुका है। **-एसके जोशी, सीईओ,** जिला सहकारी केन्द्रिय बैक

## मानसून रूठा, पारा 30 डिग्री के पार

**भिलाई।** जिले में मानसून की बेरूखी जारी है। बुधवार को पूरे दिन बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 48 घंटे में बारिश की संभावना बनी हुई है।

ओडिशा में बना कम दबाव का क्षेत्र आगे बढ़ गया है। उसके अगले दो दिनों में छत्तीसगढ़ में पहुंचने की संभावना है। इससे बारिश होगी। इधर बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री तक कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम पारा 23.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में जिले में अच्छी बारिश की संभावना है। दक्षिण और उत्तर छत्तीसगढ़ में इस समय बारिश हो रही है।

# नहीं हो पा रही राजस्व वसूली, भिलाई-चरोदा निगम के कर्मचारियों को वेतन के लाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में राजस्व वसूली नहीं होने पर दो माह से कर्मियों को वेतन नहीं मिल पाया है। माह मई-जून का वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

निगम में फंड की कमी का भी बड़ा कारण है। कर्मियों को वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। अब वेतन के लाले से कर्मचारियों का परिवारों का भरण-पोषण करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दो माह से भिलाई-चरोदा नगर निगम के अधिकारी, तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। इतना ही नहीं इससे उनके पारिवारिक दायित्व निर्वहन में अड़चन आ रही है। लंबित वेतन का भुगतान कब तक होगा, इस बात का स्पष्ट जवाब भी यहां के जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे पा रहा है। भिलाई -चरोदा नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को एक बार फिर आर्थिक संकट की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। पूरे महीने काम करने के बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। वेतन मिलने का इंतजार करते दो महीने बीत चुके हैं। मई और जून महीने का वेतन अधिकारी व तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को नहीं मिल पाया है।

### प्रतिमाह 1 करोड़ का भुगतान कर्मियों को होना है

निगम के चतुर्थ श्रेणी और प्लेसमेंट कर्मचारियों को भी वेतन नहीं दिया गया है। अब स्कूल खुलने के बाद कर्मियों को अपने बच्चों को प्रवेश कराने में दिक्कत हो रहा है। कर्मियों को हर माह 7 तारीख तक वेतन खाते में आ जाया करता था लेकिन निगम के अडियल रवैए के चलते 399 कर्मियों का भविष्य अंधेरे में है। लेकिन पिछले दो महीने से वेतन तक का नसीब यहां के कर्मियों को नहीं हो पाया है। भिलाई-चरोदा नगर निगम में प्लेसमेंट कर्मचारियों को छोड़ दिया जाए तो नियमित अधिकारी व कर्मचारियों की संख्या लगभग 145 है। इन्हे प्रतिमाह वेतन भुगतान में लगभग 75 लाख और 229 प्लेसमेंट और 25 स्वच्छता 25 लाख रुपए दिया जाता है। दो माह से इन्हें वेतन तक नहीं दिया गया। यहां के कर्मियों का कुल 1 करोड़ रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाता है।

### दो माह से नहीं मिला वेतन, प्लेसमेंट कर्मी भी मानदेय के लिए काट रहे चक्कर




### पालिका बाजार की दुकानों को बेचने का हवाला, लेकिन नहीं बनी बात

निगम के 399 कर्मियों को दो माह से वेतन नहीं दिए जाने को लेकर निगम आयुक्त डीएस सिंह से कर्मियों ने मुलाकात कर वेतन देने की गुहार लगाई।लेकिन उन्होंने टालते हुए पालिका बाजार में बचे दुकानों को बेचने के बाद दिए जाने का आश्वासन दिया गया। वहीं कर्मियों को गुमराह करने के लिए लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की वसूली नहीं होने का भी हवाला दिया जा रहा है। लगातार दो महीने से वेतन नहीं मिलने से निगम के अधिकारी और कर्मचारियों में अवसाद उभरने लगा है।

### भिलाई-चरोदा ननि में कार्यरत कर्मचारी

| | |
|---|---|
| रेगुलर कर्मी | 145 |
| प्लेसमेंट | 299 |
| स्वच्छता कर्मी | 25 |

### नहीं मिला है वेतन

दो माह से वेतन नहीं मिल पाया है। कर्मियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। करीब प्रतिमाह 1 करोड़ का भुगतान किया जाता है। मई-जून का वेतन नहीं मिलने से दिक्कत हो रही है। वेतन को लेकर आयुक्त से भी मुलाकात किया गया है। **-राम अवतार साहू**, अध्यक्ष स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ भिलाई-चरोदा

### मानदेय तक नहीं

कर्मियों का वेतन तक नहीं मिल पाया है। इसके अलावा हम लोगों का मानदेय भी नहीं आया है। निगम भिलाई-चरोदा कई सारी समस्याओं से जूझ रहा है। वेतन को लेकर एकाउंट में मिलने गया था। सिर्फ आश्वासन दिया गया है। **-राम खिलावन वर्मा**, नेता प्रतिपक्ष भिलाई-चरोदा निगम

## खबर संक्षेप



### प्रवर्तन ने बीएसपी के अंदर से पकड़े 11 मवेशी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा संयंत्र परिसर के भीतर अवाारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया। यूआरएम, सीएचएम तथा बोरिया गेट क्षेत्रों 11 मवेशियों को पकड़ कर भिलाई नगर निगम द्वारा के गौठान को सौंपा गये। संयंत्र परिसर के भीतर मवेशियों की उपस्थिति से परिचालन सुरक्षा, कर्मचारियों की आवाजाही और स्वच्छता प्रभावित होती है तथा दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ जाता है। संयंत्र के भीतर हरियाली और खुले स्थानों के कारण आवारा मवेशी परिसर में प्रवेश कर विभिन्न सड़क मार्गों पर बैठकर शिफ्टों में ड्यूटी पर आने–जाने वाले कर्मचारियों के आवागमन में कठिनाई उत्पन्न करते हैं प्रवर्तन विभाग द्वारा अभियान के तहत पकड़े गए मवेशियों को निगम द्वारा संचालित गौठान के हवाले किया जा रहा है।

### कोटनी-नगपुरा मार्ग शहीद विष्णु के नाम करने की विधायक से मांग



**दुर्ग।** ग्राम कोटनी निषाद समाज ने ग्रामीण विधायक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर से मुलाकात कर कोटनी-नगपुरा मार्ग नवनिर्मित फूल स्व शहीद विष्णु निषाद के नाम से करने की मांग की। निषाद समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि शहीद विष्णु निषाद ग्राम अंजोरा ख के निवासी थे जो ग्राम महमरा बाढ़ के दौरान 16 लोगों की जान बचाकर 17 वें की जान बचाते हुए उनका पैर फंसने से मौत हो गई थी। पदाधिकारियों ने ग्रामीण विधायक को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने जल्द नामकरण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अंजोरा परिक्षेत्र अध्यक्ष शिव कुमार निषाद, जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बिरेंद्र कुमार निषाद, पिपरछेडी सरपंच ललिता निषाद, ग्राम कोटनी निषाद समाज अध्यक्ष धनीराम निषाद, कोषाध्यक्ष रतन निषाद, शांतनु निषाद युवा प्रकोष्ठ आदि उपस्थित रहे।

### आर्य समाज मंदिर में आर्य वीरों का हुआ सम्मान



**दुर्ग।** आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग में आर्य वीर दल के पांच आर्य वीरों का सम्मान हुआ, जो की आर्यवीर दल के राष्ट्रीय शिविर से होकर लौटे हैं। राष्ट्रीय शिविर इस वर्ष गुरुकुल विश्व भारती रोहतक में हुआ। जहां छत्तीसगढ़ से 8 प्रतिभागी भाग लिए, जिसमें से पांच दुर्ग क्षेत्र के थे। जिसमें अतुल आर्य, सन्देश आर्य, विवेक आर्य, नीलकमल आर्य, तुषार आर्य, अजय आर्य एवं रामेश्वरम आर्य शामिल हैं। वहीं अजय आर्य एवं रामेश्वरम आर्य रायगढ़ और बिलासपुर क्षेत्र से रहे। दुर्ग क्षेत्र के सभी आर्य वीरो का सम्मान आर्य समाज मंदिर के मंत्री मनोज आर्य ने किया।

## प्रदर्शन : युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेसियों ने घेरा शिक्षा विभाग का दफ्तर

# पुलिस के साथ झूमाझटकी, पूर्व विधायक का टूटा चश्मा और अध्यक्ष जमीन पर गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने सैकडों की संख्या में शिक्षा विभाग का घेराव कर दिया। कांग्रेसियों में इसे लेकर इस कदर गुस्सा दिखा कि, पुलिस के साथ उनकी जमकर झूमाझटकी हो गई, वहीं पूर्व विधायक अरूण वोरा का चश्मा टूट गया। इस धक्का-मुक्की में शहर अध्यक्ष गया पटेल गिर गए, जहां उन्हें हल्की चोट आई। इस प्रदर्शन को काबू करने पुलिस जवानों के भी पसीने छूट गए थे।

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर भिलाई और दुर्ग संगठन के नेता एक साथ प्रदर्शन में नजर आए। पुराना बस स्टैंड में एकत्रित होने के बाद कांग्रेस नेता सैकडों की संख्या में तख्ती और झंडा लेकर शिक्षा विभाग कार्यालय हिन्दी भवन के सामने पहुंचे। इस दौरान उन्होने रैली निकालकर राज्य शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। राज्य कि भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नए सेटअप के नाम पर किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए जाने के निर्णय के खिलाफ राकेश ठाकुर अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस, गया पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस दुर्ग शहर, मुकेश चंद्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस भिलाई शहर के संयुक्त नेतृत्व में वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, महापौर निर्मल कोसरे, महापौर शशि सिन्हा, पूर्व महापौर आर एन वर्मा, धीरज बाकलीवाल सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति में पुराना बस स्टैंड से पैदल पटेल चौक, गांधी प्रतिमा होते शिक्षा कार्यालय पहुंचकर भारी प्रदर्शन किया। इस दौरान संजय कोहले, दीपक साहू, सीजी एंथोनी, राजकुमार पाली, नासिर खोखर, मुकेश साहू, परमजीत सिंह भुई, आनंद ताम्रकार, अयूब खान, सुशील भारद्वाज, रत्ना रामदेव, सौरभ ताम्रकार, विवेक मिश्रा, सुमित वोरा, राहुल शर्मा, प्रीतम देशमुख, आयुष शर्मा, कन्या ढीमर सहित सभी ब्लाक अध्यक्ष और दुर्ग व भिलाई संगठन के कार्यकर्ता थे।

### युक्तियुक्तकरण से 10463 सरकारी स्कूलों को बंद करने का लगाया आरोप



### दफ्तर के सामने दर्जनभर बेरिकेड्स लगे

शिक्षा विभाग कार्यालय के सामने पहले से ही पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई थी। दफ्तर के सामने गेट पर दर्जनभर से अधिक बेरीकेट्स लगाए गए थे, ताकि प्रदर्शनकारियों को रोका जा सके। लेकिन आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ता बेरीकेट्स लांघने का प्रयास भी किए, वही कुछ कार्यकर्ता बाउंड्रीवाल में चढकर कार्यालय तक पहुंचने का प्रयास करते रहे। लेकिन पुलिस जवानों ने सभी को रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षा विभाग के खिलाफ भी नारे लगे। हांलाकि इस दौरान शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा नही थे, उनकी अनुपस्थिति में अधिकारी राजेश ओझा का ज्ञापन दिया गया।

### ग्रामीण अध्यक्ष ने सुनाई जमकर खरी-खोटी, विरोध भी दर्ज कराया

कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा जनता को रोजगार देने की गरीबों को निःशुल्क शिक्षा देने का 50 हजार टीचरों की नियुक्ति का वादा कर सरकार में आने वाली भाजपा सरकार केवल उद्योगपति पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही है। 10463 सरकारी स्कूल बंद करने से प्रदेश के लगभग 45000 से भी अधिक शिक्षकों का पद समाप्त होंगे, शिक्षकों के साथ-साथ स्कूलों में कार्यरत अन्य स्टॉफ के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा वो बेरोजगार हो जाएंगे। साथ निजी स्कूलों में गरीब पालकों को मजबूरी में प्रवेश दिलाना पड़ेगा। वह सीधा पालकों पर 450 करोड़ का अतिरिक्त बोझ और निजी स्कूलों को अतिरिक्त फायदा पहुंचाने की साजिश है। पूर्व विधायक अरूण वोरा, भिलाई कांग्रेस मुकेश चंद्राकर ने कहा एक तरफ सरकार स्कूलों को बंद कर रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार प्रदेश में नशे को बढ़ावा देने नई नई शराब दुकान खोल रही है। प्रदेश की जनता युवाओं को नशे के गर्त में डालना चाहती है।

### युक्तियुक्तरण को वापस लेने की रखी मांग

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं तीनों जिले के कार्यकर्ताओं ने दुर्ग जिला शिक्षा कार्यालय का ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। जमकर भाजपा सरकार, शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग के नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन की दो लेयर के बेरिकेड तोड़कर शिक्षा विभाग के कार्यालय के मुख्य द्वार पर जमकर नारेबाजी प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर इस तानाशाही निर्णय को वापस लेने की मांग की गई।

## मैत्रीबाग में सैलानी पसीना बहाते घूमने को मजबूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में बैटरीचलित गाड़ियों के संचालन की योजना हवाहवाई साबित हो रही है। इससे कई पर्यटकों को जू का नजारा लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटक चाहते हैं कि अन्य चिड़ियाघरों की तरह यहां भी सुविधा उपलब्ध हो।

- बैटरीचलित गाड़ियों के संचालन की योजना ठंडे बस्ते में

गौरतलब हो कि मैत्रीबाग आने वाले सैलानियों के भ्रमण के लिए वर्ष 2018 में बैटरीचलित गाड़ियों के संचालन की योजना बनाई गई थी। इसके तहत मैत्रीबाग से जवाहर उद्यान तक बैटरीचलित गाड़ियों का संचालन शुरु किया जाना था। इसमें सीनियर सिटीजन, बच्चों और दिव्यांगों आदि जरुरतमंद पर्यटकों इन गाड़ियों में बिठाकर वन्य प्राणियों का दीदार करना था। बैटरीचलित यह गाड़ियां प्रदूषण रहित होना बताई गई थीं। इस योजना के तहत मैत्रीबाग चिड़ियाघर का विस्तार जवाहर उद्यान तक किया जाना था। सैलानियों ने बताया कि जानवरों और पक्षियों के एनक्लोजर व कैज भी जवाहर उद्यान में शिफ्ट किए जाने थे। लेकिन यह योजना हवाहवाई साबित हो रही है। गौरतलब है कि इस योजना के तहत जवाहर उद्यान तक विस्तार किया जाना था। जवाहर उद्यान में पौंड और नारियल और शो प्लांट्स आदि के पौधे भी लगाए गए थे। इसका उद्घाटन सीईओ चंद्रशेखरन ने किया था।

### हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री की माता की शोक श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए विधायक रिकेश



**भिलाई।** हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की मां परमेश्वरी देवी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन उनके निवास पहुंचे।

विधायक ने उनकी माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की धर्मपत्नी एवं हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की मां परमेश्वरी देवी का शुक्रवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वो बीते कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे हिसार के गांव खांडा खेड़ी में किया गया।

## संयंत्र में ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था दुरुस्त करने एसोसिएशन के प्रतिनिधि मिले ईडी से



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स के आमंत्रण पर 25 जून को भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संयंत्र भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संयंत्र के भीतर परिवहन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स राकेश कुमार एवं जीएम सर्विसेस तुषार कांत उपस्थित रहे। वहीं भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन से कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, मुन्ना सिंह, ललित मोहन, संतोष सिंह, शहनवाज कुरैशी, प्रेम सिंह, सुनील यादव, मनोज अग्रवाल, पंकज शर्मा, रोशन वर्मा एवं जगजीत सिंह शामिल हुए। बैठक में संयंत्र के भीतर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं नियमबद्ध तरीके से संचालित करने पर सहमति बनी। संयंत्र प्रबंधन द्वारा ट्रांसपोर्ट संचालन में नियमों का सख्ती से पालन करने की बात कही गई, वहीं एसोसिएशन ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### रावघाट के किसान कर रहे मिलेट्स की खेती

**भिलाई।** रावघाट खदान क्षेत्र में भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर के अंतर्गत किसानों की आजीविका सृजन के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के तहत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को लघु धान्य फसलों रागी, कोदो, कुटकी आदि की वैज्ञानिक खेती कराई जा रही है। रावघाट क्षेत्र में किसान परंपरागत तरीकों से धान, रागी, कोदो, कुटकी एवं मक्का जैसी खरीफ फसलों की खेती करते हैं। लेकिन बदलते पर्यावरण और आर्थिक जरूरतों को देखते हुए अब लघु धान्य फसलें मिलेट्स की खेती कर रहे हैं।

## पेज 11 का शेष

### पद्मश्री कवि डॉ. सुरेन्द्र दुबे का ...

**हर वर्ष – एक शाम डॉ. सुरेन्द्र दुबे के नाम**

भाजपा किसान मोर्चा नेता योगेश तिवारी ने डॉ. दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घोषणा किया कि हर वर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर बेमेतरा में 'एक शाम डॉ. सुरेन्द्र दुबे के नाम' कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन उनकी साहित्यिक विरासत को जीवित रखने का माध्यम बनेगा।

**सामाज के हालत का किया वर्णन:** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि वे न सिर्फ व्यंग्यकार थे, बल्कि समाज के हालात को आईने की तरह पेश करने वाले सजग कवि थे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा बोले कि बेमेतरा उनके नाम से गौरवान्वित रहा है। उनका साहित्य समय से आगे चलता था। डॉ. दुबे की रचनाएं आम आदमी की आवाज थीं। वे ठहाकों के पीछे सच कहने की हिम्मत रखते थे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकासधर दीवान बोले कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की आत्मा को कविता में पिरोया। ऐसे रचनाकार विरले ही होते हैं। डॉ. दुबे बेमेतरा की धरोहर थे। उनका जाना व्यक्तिगत क्षति है। उनकी कविताएं आने वाली पीढ़ियों को दिशा देंगी।

**सच्चाई परोसने वाले रचनाकार थे:** पूर्व सभापति वाहिद रवानी बोले कि वे ठहाकों में तल्खी छुपाकर सच्चाई परोसने वाले रचनाकार थे। समाज उनका ऋणी रहेगा।शब्दों के सौंदर्यशास्त्र के ज्ञाता थे। उनके बिना व्यंग्य कविता अधूरी है। शिक्षाविद बसुबंधु दीवान ने कहा कि उनकी कविताएं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी थीं। साहित्यिक चेतना का ऐसा उदाहरण विरला है। प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे ने कहा कि डॉ. दुबे पत्रकारिता और साहित्य के बीच सेतु थे। प्रेस क्लब जल्द ही उनके नाम पर आयोजन करेगा।

## गोकुल नगर में निगम ने वर्ष 2007 में आवंटित की थी जमीन

# 164 डेयरी संचालकों में से केवल 3 ने जमा की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के कक्ष में गोकुल नगर कुरूद के पशुपालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में चर्चा अनुसार गोकुल नगर के 164 पशुपालकों को वर्ष 2007 में निगम द्वारा भूमि आबंटित किया गया था। जिसमें से 3 पशुपालकों द्वारा प्रब्याजी की पूर्ण राशि जमा कर दिया गया है। शेष 161 पशुपालकों द्वारा प्रथम किश्त की राशि जमा की गई है। प्रथम किश्त की राशि जमा करने पश्चात पशुपालकों एवं नगर निगम भिलाई के मध्य अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया था। पशुपालकों को आबंटित भूमि के संबंध में मामला माननीय उच्च न्यायालय एवं सुप्रीम कोर्ट में लंबित रहने से पूर्व में राशि जमा नहीं की गई है। न्यायालय द्वारा प्रकरण का निराकरण किया गया है।

- आयुक्त ने ली गोपालकों की बैठक



वर्तमान में आबंटित भूखण्डों की बकाया शेष राशि एवं भू-भाटक वर्ष 2024-25 तक की राशि जमा कराये जाने हेतु 149 आबंटितो को सूचना पत्र जारी किया गया है। सूचना पत्र मिलते ही सभी पशुपालक निगम आयुक्त से मिलने पहुंचे। पशुपालकों द्वारा आयुक्त से अपील की गई कि कोर्ट के अवधि एवं ब्याज की राशि में छूट दिया जावे। सभी पशुपालक राशि जमा करने सहमति दिए। आयुक्त ने यह भी बताया कि गोकुल नगर के भूमि आबंटन की राशि निगम में जमा होने पश्चात उस राशि को गोकुल नगर के मूलभूत सुविधाओं जैसे- सड़क, नाली, बिजली, पानी एवं साफ-सफाई के लिए उपयोग किया जायेगा, जिससे वहां का बसाहट सुव्यवस्थित हो सके। कुछ पशुपालकों द्वारा जमीन आबंटन की राशि निगम में जमा नहीं किये है और जमीन अन्य व्यक्ति को बेच दिए है। ऐसे पशुपालकों का आबंटन निरस्त किया जायेगा। बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, पशुपालक पप्पू यादव, दिलावर यादव, दिनेश राय, महेन्द्र यादव, रामप्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### कृषकों को वितरित की गई आवश्यक सामग्री

**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा सोयाबीन की उन्नत कास्त तकनीक विषय पर कृषक संगोष्ठी सह आदान सामाग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन गत दिनो किया गया। इस कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू एवं जनपद पंचयात बोड़ला के कृषि स्थाई समिति के सभापति नरेश साहु ने कृषको को आदान सामाग्री का वितरण किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने उपस्थित किसानो को खेती किसानी संबंधी कई महत्वपूर्ण और आवश्यक जानकारियां दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### 32 पौवा देशी अवैध शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

**कुण्डा।** कुण्डा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी के पास से पुलिस ने 32 पौवा (5.760 लीटर) देशी प्लेन शराब जप्त की है। जिसकी कीमत लगभग 2,560 रुपए आंका गया है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को कुण्डा पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की जानकारी मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम सेन्हाभाठा में सार्वजनिक मंच के पाए एक आरोपी अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित कर मौके पर दबिस दी और अवैध रूप से शराब बेंचते आरोपी बृजलाल उर्फ राजू बांधे आयु 30 वर्ष, निवासी खैरझिटी नया, थाना कुण्डा को गिरफ्तार कर लिया।

### लायंस क्लब ने रोपे मोसम्बी व आम के 75 पौधे

**कवर्धा।** लायंस क्लब ने 26 जून को सीनियर सिटीजन समिति के संरक्षक एवं लायन अध्यक्ष एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर उनके फॉर्महाउस में मोसम्बी, अल्फांसो आम, केसर आम के 75 पौधे रोपकर उन्हें संरक्षित किया। इसी के साथ क्लब द्वारा वर्षा ऋतु में वृहद वृक्षारोपण किए जाने की शुरुआत की। ज्ञात हो कि लायंस इंटरनेशनल के सिग्नेचर प्रोग्राम के तहत हर वर्ष बारिश में संरक्षित क्षेत्र में क्लब द्वारा लगभग 300 पौधे रोपे जाते हैं।

# स्कूल शिक्षा विभाग में भर्राशाही, भटकती रही गांव से टीसी लेने बोड़ला आई वृद्धा

- 10 किलो दूर प्राचार्य के निज निवास में जाकर कराने पड़े प्राचार्य के हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

लोगों को बेहतर प्रशासनिक तथा विभागीय सुविधाएं मिल सकें और उनके सरकारी कामकाज सुगमता तथा सुविधा पूर्ण ढंग से हो सकें इस बात ख्याल रखते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार सुशासन तिहार, जनदर्शन जैसे कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है लेकिन दूसरी तरफ जिले के विभागीय और प्रशासनिक अधिकारी शासन की इस जनकल्याणकारी मंशा पर पानी फेरते दिखाई दे रहे हैं। इसकी एक बानगी जिले के विकासखण्ड मुख्यालय बोड़ला के शिक्षा विभाग में देखने को मिल रही है। बताया जाता है कि बोड़ला विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के पास संचालित आदिवासी बालक आश्रम स्कूल में बीते दिन स्थानांतरण प्रमाण पत्र लेने आई एक ग्रामीण वृद्ध महिला दो दिनो तक भटकते रही। काफी मसक्कत और अर्जी विनती करने के बाद विभाग ने उसे टीसी तो दे दी लेकिन उसमें प्राचार्य के हस्ताक्षर नहीं थे। महिला को बताया गया कि प्राचार्य बोड़ला से 10 किलो मीटर ग्राम प्रभाटोला में रहते हैं और उन्हे वहीं जाकर प्राचार्य के हस्ताक्षर कराने पड़ेगे।

अंततः वृद्ध महिला प्राचार्य के निज निवास पहुंची तब कहीं जाकर प्राचार्य ने टीसी में हस्ताक्षर किए। बताया जाता है कि इसी स्कूल में गत 24 जून को भी ग्राम शंभूपीपर से एक महिला अपने छोटे बच्चों को लेकर पेन नंबर लेने आई थी। लेकिन उसे पेन नंबर नही मिला और उसे पूरी रात बोड़ला में ही काटनी पड़ गई। आरोप है कि स्कूल के प्राचार्य नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते और न ही उनकी अनुपस्थिति में किसी को प्रभार दिया जाता है जिसके कारण दूरदराज से स्कूल संबंधी कामकाज लेकर आने वाले पालकों को खासी परेशानियों को सामना करना पड़ता है।




### पीड़ित वृद्धा ने जिला शिक्षा अधिकारी से की शिकायत

यहां बताना लाजिमी होगा कि विकासखण्ड बोड़ला मुख्यालय में यह भर्राशाही और कहीं नहीं बल्कि ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लगे स्कूल में चल रही है। पीड़ित महिला की माने तो वह अपने बच्चे की टीसी संबंधी समस्या को लेकर ब्लाक शिक्षा अधिकारी के पास भी गई थी लेकिन ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने पीड़ित महिला की शिकायत पर स्कूल के प्राचार्य के विरूद्ध कोई कार्यवाही किए जाने के बजाए महिला को प्राचार्य के निज निवास प्रभाटोला जाने की सलाह दी। बाद में वृद्ध महिला ने इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय जाकर की और पूरी जानकारी दी। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच व कार्यवाही की बात कही है।

### प्रशासनिक और विभागीय कसावट जरूरी

जिले में इस तरह की प्रशासनिक और विभागीय व्यवस्था को देखते हुए बड़ा सवाल यही उठता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार और उसके नेता और जनप्रतिनिधि आखिर किस सुशासन तिहार का राग अलापते हैं। सवाल उठता है कि क्या प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों एक दिन किसी शिविर में लाकर खड़ा कर देने मात्र से सुशासन आ जाएगा? माना जा रहा है कि सत्ताधारी नेताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासनिक तथा विभागीय कसावट लानी होगी और इसके लिए इस तरह के गैर जिम्मेदार प्राचार्य के खिलाफ सीधे तौर पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जानी चाहिए।

## अनदेखी : ग्राम घोघराकला में करंट की चपेट में आए मवेशी की मौत

# वर्षाकाल में जान पर भारी पड़ रही खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वर्षाकाल प्रारंभ होते ही छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था एक बार फिर जान पर भारी पड़ते दिखाई देने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम घोघराकला में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते गांव में खुले पड़े अर्थिंग तार की चपेट में आने से एक मवेशी की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना न केवल विभागीय अनदेखी को उजागर करती है बल्कि भविष्य में किसी बड़े हादसे की चेतावनी भी देती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में वर्षाकाल के दौरान करंट से मौत के मामले अचानक बढ़ जाते हैं और इसकी चपेट में आने से मवेशियों सहित लोगों तक को अपनी जान गवानी पड़ती है। लोगों को आरोप है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की विद्युत व्यवस्था खस्ताहाल है, विशेष सुरक्षा के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। स्थिति ये है कि जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में लगाए गए अधिकांश विद्युत ट्रांसफार्मर बेहद असुरक्षित ढंग से जमीन से महज कुछ ही फीट की ऊंचाई पर लगे हुए हैं। जिनके आसपास हाई वोलटेज करंट प्रवाहित तार जमीन में को छूते हुए झूल रहे हैं। ऐसे में वर्षाकाल के दौरान जमीन के गीले होने पर करंट के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी ही अव्यवस्था के चलते कई बार करंट अर्थिंग तार में भी आता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम घोघराकला में भी यही हुआ है। खस्ताहाल व्यवस्था और रखरखाव के आभाव में करंट अर्थिंग तार में आने से मवेशी की तार के संपर्क में आते ही करंट से मौत हो गई। माना जा रहा है कि यह तो वर्षाकाल की शुरूआत है अगर समय रहते विभाग ने इस जीवलेवा खतरे को गंभीरता से नहीं लिया और अपनी खस्ताहाल व चरमराई व्यवस्था को दुरूस्थ नहीं किया तो हो सकता है कि ऐसी कई घटनाएं सामने आ सकती है।

### विद्युत अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की इस अव्यवस्था और घोरलापरवाही को लेकर ग्राम घोघराकला के ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही व्यवस्था को दुरूस्थ नहीं किया गया तो वे मवेशी की मौत के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के खिलाफ थाना में अपराध्ण पंजीबद्ध कराएंगे। देखने वाली बात होगी कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी ग्रामीणों की इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेती है और इस तरह की घटनाओं की जिले में पुर्नावृत्ति को रोकने के लिए क्या कदम उठाती है।

## करही की शालाओं में प्रवेशोत्सव मनाया गया



**बेमेतरा।** संकुल जेवरा के ग्राम करही में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला करही में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कर शाला प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा पुस्तक और गणवेश वितरण किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लतेल टंडन, तेजराम निषाद, महेश निषाद एवं भूतपूर्व सरपंच संदीप खरे द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने तथा नियमित रूप से शाला आने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक सूरज लाल निषाद, कमलेश कुमार साहू शिक्षक, लीलागर सिंह गेंड्रे, दुर्गेश कुमार साहू, श्याम बिहारी साहू, अरुणा सिंह बिसेन, जगतारण दास भारती, रोशन साहू, रमेश भारती, दिनेश खरे एवं मध्यान भोजन संचालक बोल संत कुमार खरे उपस्थित रहे।

## ग्राम मनियारी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**बेरला।** प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला मनियारी शाला प्रांगण में कक्षा पहेली एवं छठवीं में नव प्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव आयोजित की गई। जिसमें शाला के माध्यमिक प्रधान पाठक प्रसन्न सिंह राजपूत, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक केशव राम देशलहरे एवं सभी शिक्षकों के साथ-साथ गांव गणमान्य नागरिक भवमोचन चौबे, सरपंच सोहन साहू, उपसरपंच संतोष साहू, पंचगण, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गजानंद वर्मा, बच्चों के माता-पिता एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमा मई उपस्थिति रही। अतिथियों के हाथों बच्चों को मिठाई खिलाकर गुलाल लगाकर उन्हें पुस्तक कॉपी पेंसिल गणवेश आदि वितरित कर बच्चों को नियमित शाला आने का आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8वीं के बच्चों को विदाई स्वरूप कॉपी पेन देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना की गई। शाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।

## शंकर भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवकर

नगर के वार्ड क्रमांक 1 में भगवान शंकर की प्राण प्रतिष्ठा श्री शिव शक्ति महिला मंडली देवकर के द्वारा कराई गई ।

वार्ड क्रमांक 1 में भक्तों को भगवान की पूजा करने के लिए माता संतोषी के मंदिर में जाना पड़ता था जो की बहुत दूर होने के कारण वृद्ध लोगों को तथा गर्भवती महिलाओं को मंदिर जाने में परेशानी हो जाती थी इसी को देखते हुए शिव शक्ति महिला मंडली ने वार्ड क्रमांक 1 देवकर में भगवान शंकर के मंदिर का निर्माण कराया तथा बुधवार 26 जून को भगवान शंकर समेत पूरे शिव परिवार की स्थापना की गई . जिसमे सभी भक्तों ने तथा सभी समूहों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया पूजा में नगर की ही केसरवानी महिला मंडली एवं आदर्श महिला मंडली भी सम्मिलित हुई एवं विश्व कल्याण की कामना से भगवान शंकर का दूध से अभिषेक करके हवन शांति इत्यादि कार्य संपन्न कराया गया पंडित कृष्णानंदन शर्मा के द्वारा विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा कराई गई वार्ड 1 के पार्षद सुरेश सिन्हा, चिंताराम पटेल तथा नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे भी भगवान शिव का आशीर्वाद लेने पहुंचे ।

## सिलघट में विराट यज्ञ दिसंबर में तैयारी जारी



**बेरला/भिंभौरी।** तहसील भिंभौरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिलघट में 10, 11, 12, 13 दिसंबर को होने वाले 108 कुंडीय विश्व कल्याण गायत्री महायज्ञ एवं होने वाले विभिन्न संस्कार कार्यक्रम की तैयारी की शुरूवात हो गई है।

जिसे गायत्री परिवार एवं गांव के जागरूक बहन-भाईयों के द्वारा घर-घर जाकर पीला चाँवल तुलसी चौरा में अर्पण कर घर परिवार को आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर इस विशाल कार्यक्रम में होने वाले खर्च के लिए गुरु देव पं. श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा बताए गए सूत्र /"एक मुट्ठी अन्न समाज के नाम/" को अपना कर हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु हर घर में अन्नघट वितरण कर सुबह शाम भोजन के लिए निकाले गए। चाँवल से एक मुठ्ठी चाँवल जन कल्याणकारी कार्यक्रम हेतु अन्नदान के लिए घर-घर जाकर प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसे सभी बहनों के द्वारा प्रसन्नता पूर्वक स्वीकार कर यज्ञीय कार्यक्रम में अपने परिवार का सहयोग और यज्ञ में शामिल होने के लिए आश्वस्त कर रहे है। अन्नघट वितरण पूरे क्षेत्र जिसमें भिभौरी, बेरला, धरसिंवा, तिल्दा इत्यादि स्थानों पर जोरों से चल रहा है। आज के अन्नघट वितरण में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज प्रधान सत्यभामा परगनिहा, अर्चना परगनिहा, चंद्र कला वर्मा हसदा, पंकज साहू सांकरा, प्रमिला साहू पूर्व सरपंच नेवनारा, अंजनी साहू, हेमलता पाल, प्रमिला परगनिहा, शेष कुमारी परगनिहा, रूखमणी परगनिहा, कामीन पाल, शशि कला कुर्रे, घासी राम वर्मा,ज्ञान देव वर्मा खुडमुडा, नारायण प्रसाद वर्मा ढाबा, पार्थ, हर्षित टिकरिहा, दुर्गा प्रसाद टिकरिहा सिलघट एवं अन्य लोग शामिल रहे।

## भिंभौरी विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव



**बेरला/भिंभौरी।** विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिंभौरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में विनोद वर्मा अध्यक्ष एसएमडीसी, चंद्र विजय धीवर पूर्व अध्यक्ष एसएमडीसी, श्याम वर्मा सांसद प्रतिनिधि युगल किशोर साहू, सेवानिवृत शिक्षक एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वी में नव प्रवेशी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। साथ ही बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया। चंद्र विजय धीवर द्वारा नव प्रवेशी विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया गया। कक्षा दसवीं की छात्राओं द्वारा 'स्कूल चले हम' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति की। कार्यक्रम का संचालन रमेश वर्मा एवं आभार महेंद्र वर्मा प्राचार्य द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षक स्टाफ, विद्यार्थी, पालक, जनप्रतिनिधि गण सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 12 वां चरण शुरू

- 50 हजार से अधिक लोगों की होगी जांच, स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे अभियान की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले को मलेरिया से पूर्णतः मुक्त करने के संकल्प के साथ मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का बारहवां चरण कबीरधाम जिले में 25 जून से प्रारंभ हो गया है। यह चरण आगामी 24 जुलाई 2025 तक जिले के चिन्हित अति संवेदनशील, दुर्गम और मलेरिया प्रभावित ग्रामों में संचालित किया जा रहा है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम सक्रिय है। इस चरण में बोड़ला विकासखंड के 91 ग्राम, सहसपुर लोहारा के 16 ग्राम और पंडरिया के 1 ग्राम को शामिल किया गया है। इन ग्रामों में 50,000 से अधिक लोगों की मलेरिया जांच का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए तथा औषधियों की आपूर्ति, भंडारण और वितरण व्यवस्था में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि जनहित का एक समर्पित प्रयास है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने बताया कि अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर जांच की जा रही है।

## धरती आबा अभियान : कोरवाय में जनजागरूकता रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत विकासखंड साजा के ग्राम कोरवाय में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को अभियान की जानकारी दी गई तथा समाज प्रमुखों और पंचायत प्रतिनिधियों को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराते हुए ग्राम में इसकी विधिवत शुरुआत की गई।

जिले के आदिवासी बहुल ग्राम झालम में 16 एवं 17 जून को दो दिवसीय जनभागीदारी सैचुरेशन कैम्प का आयोजन से शुरुआत हुई है ।यह शिविर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जनजातीय अंचलों में शासकीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अंतिम व्यक्ति तक इनका लाभ पहुँचाना है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास श्री अभिषेक जायसवाल ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही हितग्राहियों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, सामाजिक कल्याण सहित अन्य विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। अभियान के माध्यम से शासन की योजनाएं सुगमता से आमजन तक पहुँच रही हैं।

### करंट लगने से मौत

**भिलाई।** बिजली करंट की चपेट में आने से कर्मी की मौत होने का मामला सामने आया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम सिपकोना निवासी पोषण यादव सहायक लाइनमेन संतोष कुमार वर्मा के साथ 21 मार्च 2024 को बिजली काम से तर्रीघाट गया था।




